राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.3(117)सूप्रौ/लेखा/08/I/72251/2017 जयपुर दिनांक : 03-08-17

एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उपनिदेशक),
सूचना प्रौद्यौगिकी और संचार विभाग,
समस्त

विषय :— जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर पदस्थापित कार्मिकों हेतु वित्तीय वर्ष 2017—18 हेतु यात्रा भत्ता आवटित बजट के उपयोग किये जाने बाबत।

विषयान्तर्गत लेख है कि वित्तीय वर्ष 2017—18 में समस्त जिला कार्यालयो को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर पदस्थापित कार्मिको के यात्रा भत्ता के बकाया बिलो के प्राथमिकता के आधार पर भुगतान हेतु यात्रा भत्ता मद के अन्तर्गत बजट आवंटित किया गया था। वित्तीय वर्ष 2017—18 के 5 माह समाप्त होने को है लेकिन अधिकांश जिला कार्यालयो द्वारा इस मद आवंटित बजट का शत प्रतिशत उपयोग नही किया गया है, जबकि कुछ जिला कार्यालयो से अतिरिक्त बजट आवंटन की मांग प्राप्त हो रही है। ऐसी स्थिति में जहां एक और बकाया दायित्वो का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है वहीं दूसरी और अन्य जिलो में अनुपयोगी राशि पडी हुई है। वित्तीय वर्ष में प्रावधित राशि का पूर्ण उपयोग नहीं होने की स्थिति में वित्त विभाग से अतिरिक्त बजट आवंटित करवाना सम्भव नहीं है। अतः आप यात्रा भत्ता के समस्त बकाया बिलो का दिनांक 20.08.17 तक भुगतान सुनिश्चित करे। दिनांक 20.08.17 तक राशि का उपयोग नहीं होने की स्थिति में यह मानते हुए की आपके कार्यालय में कोई बकाया बिल भुगतान हेतु शेष नहीं है, आपको आवंटित राशि को प्रत्याहारित कर अन्य जिला कार्यालय को आवंटित कर दी जावेगी ताकि इस मद में आवंटित राशि कां शत प्रतिशत उपयोग हो सके तथा वित्त विभाग से अतिरिक्त बजट आवंटन की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

आपको आवंटित समस्त राशि को व्यय करने के उपरान्त यदि इस मद में कोई बकाया दायित्व रह जावे तो उसकी पूर्ण सूचना (कार्मिकवार/बिलवार) संलग्न प्रारुप में exp.accounts.doit-rj@nic.in एवं pgupta.doit@rajasthan.gov.in पर मेल प्रेषित करावें ताकि बजट आवंटन की कार्यवाही की जा सके। यदि आप द्वारा पूर्व में उक्त सूचना प्रेषित की जा चुकी है तो उसकी प्रति प्रेषित करने का श्रम करावे।

(नीलेश शर्मा)
वित्तीय सलाहकार

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. श्रीमती दीपशिखा सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) को वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत
2. सुश्री सोनिया चतुर्वेदी प्रभारी अधिकारी जिला समन्वय एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक)

3/8/17
लेखाधिकारी

कार्यालयः— सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जिला कार्यालय...

बजट मदः— ....

मद	वर्ष 2017—18 में आवंटन	वर्ष 2017—18 में आज दिनांक तक व्यय	गत वर्ष 2017—18 के बकाया दायित्वो का विवरण		
			कार्मिक का नाम	अवधि	राशि
1	2	3	4	5	6
यात्रा व्यय					

एसीपी (उप निदेशक),
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग